पेज थ्री देहरादून

सड़क चौड़ीकरण के दौरान अचानक निकल आया आठ फीट लंबा कोबरा।



देहरादून रविवार 11 अक्टूबर 2020

पेज 8

हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### एएनएम भर्ती घोटाला में आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड क्रान्ति दल के केंद्रीय महामंत्री जय प्रकाश उपाध्याय ने कहा है कि एएनएम भर्ती घोटाला प्रमुख रूप से शामिल है और इस दिशा में आज तक किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की गई है ओर 114 के दस्तावेज गायब। किये गये है इसके लिए आंदोलन किया जायेगा। यहां दल के कचहरी स्थित केन्द्रीय कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य सरकार में एएनएम भर्ती घोटाला हुआ है और 114 लोगों के दस्तावेज गायब है, उन्हे तो नियुक्ति दे दी ,लेकिन 33 सामान्य श्रेणी के प्रशिक्षितों को पुरानी नियमावली लगाकर वंचित कर दिया।

### डा. प्रणव पांडया प्रकरण में केन्द्र सरकार से सीबीआई जांच की मांग

**संवाददाता** देहरादून। दिल्ली के निर्भया मामले में मुख्य भूमिका निभाने वाली समाजसेविका योगिता भयाना ने हरिद्वार शांतिकुंज के डा. प्रणव पांडया प्रकरण में केन्द्र सरकार से सीबीआई जांच की मांग की है। पीड़िता का आरोप है कि वर्ष 2010 के दौरान जब वह नाबालिग थी, उस दौरान शांतिकुंज में डॉ. पंड्या ने उसके साथ दुष्कर्म किया और इस बारे में बताने पर उनकी पत्नी शैलबाला ने मुंह बंद रखने की धमकी दी। आरोप है कि कई बार उसके साथ दुष्कर्म किया गया।

### राष्ट्रीय महिला अधिवेशन वर्चुअल मीटिंग के जरिए हुआ आयोजित

**संवाददाता** देहरादून। भारतीय जैन मिलन केंद्रीय महिला संयोजिका मधु जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि द्वारा कोरोना वैश्विक महामारी के चलते राष्ट्रीय महिला अधिवेशन वर्चुअल मीटिंग के जरिए आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष यह भव्य आयोजन भोपाल मध्य प्रदेश में किया गया था। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला चेयरपर्सन शीला जैन ने की।

### हिमालया ने स्ट्रेच मार्क ऑईल एवं क्रीम लॉन्च कर स्ट्रेच मार्क श्रेणी में प्रवेश किया

**संवाददाता** देहरादून। भारत के अग्रणी वैलनेस ब्रांड, हिमालया ड्रग कंपनी ने अपनी एक्सक्लुसिव मदरकेयर श्रेणी, हिमालया फॉर मॉम्स के पोर्टफोलियो का विस्तार किया। कंपनी ने अपनी तरह का प्रथम, टू–स्टेप स्किन केयर रूटीन, हिमालया स्ट्रेच मार्क ऑईल एवं क्रीम लॉन्च की जो माताओं के लिए पोस्ट प्रिग्नेंसी के दौरान स्ट्रेच मार्क दिखना कम करेगी। हिमालया इनोवेशन में अग्रणी रहा है और यह अपनी तरह का प्रथम वैलनेस ब्रांड है, जो नव माताओं एवं भावी माताओं के लिए प्राकृतिक गुणों से युक्त उत्पाद प्रस्तुत करता है।

# प्रकृति ने देवभूमि उत्तराखण्ड को बहुत कुछ दिया है: सीएम

**संवाद**

■हमें स्थानीय संसाधनों को आधार मानकर आगे बढ़ेंगे, तो आत्मनिर्भर बनने में सुविधा होगी

**संवाददाता**



देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने मुख्यमंत्री आवास से वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से उत्तराखण्ड के सामाजिक उद्यमियों से संवाद करते हुए कहा कि हमें स्थानीय संसाधनों को आधार मानकर आगे बढ़ेंगे, तो आत्मनिर्भर बनने में सुविधा होगी। प्रकृति ने देवभूमि उत्तराखण्ड को बहुत कुछ दिया है। अनेक प्रकार की जैव विविधताएं उत्तराखण्ड में हैं। हिमालयी एवं तराई क्षेत्र के साथ ही राज्य के सम्यक विकास के लिए अनेक संपदाएं उत्ताराखण्ड के पास हैं। स्वरोजगार की दिशा में राज्य सरकार द्वारा अनेक कार्य किये जा रहे हैं। इस दिशा में सोचने की जरूरत है कि हम अपने साथ कितने और लोगों को रोजगार उपलब्ध करा सकते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन्वेस्टर समिट के दौरान राज्य में 01 लाख 25 हजार करोड़ रूपये के एमओयू हुए, जिसमें से 25 हजार करोड़ रूपये के कार्यों की ग्राउंडिंग हो चुकी है। राज्य बनने से औद्योगिक क्षेत्र में 2017 तक राज्य में 40 हजार करोड़ रूपये का इन्वेस्टमेंट हुआ, जबकि पिछले साढ़े तीन सालों में 25 हजार करोड़ रूपये का इन्वेस्टमेंट हो चुका है। राज्य में चीड़ की पत्तियों से बिजली एवं चारकोल बनाने के कार्य शुरू किये गये हैं। उत्तराखण्ड के वन क्षेत्र में 27 प्रतिशत क्षेत्र में चीड़ होता है। चीड़ की पत्तियों से वनाग्नि की समस्याएं भी बहुत रहती थी। चीड़ के सदुपयोग एवं स्थानीय स्तर पर लोगों को रोजगार के अवसर बढ़ाने में यह पॉलिसी काफी कारगर होगी। इससे 40 हजार लोगों को रोजगार दिया जा सकता है और पर्यावरणीय लाभ भी होंगे। लीसे से अनेक किस्म के आईटम बनते है। ग्रामीण क्षेत्रों की अर्थव्यवस्था में सुधार लाने के लिए हर न्याय पंचायत में रूरल ग्रोथ सेंटर बनाये जा रहे हैं। अभी तक 100 से अधिक ग्रोथ सेंटरों को स्वीकृति दी जा चुकी है। अलग–अलग थीम पर ग्रोथ सेंटर बनाये जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर सामाजिक उद्यमिता के क्षेत्र में कार्य करने वाले विभिन्न लोगों से बात की। उन्होंने मशरूम उत्पादन में कार्य करने और इसके लिए अन्य लोगों को प्रशिक्षित कर रही सुश्री दिव्या रावत, हेल्थ एवं पर्सनल केयर प्रोडक्ट में कार्य करने के साथ ही अन्य लोगों को इससे जोड़ने वाले हर्षपाल चौधरी, ईको टूरिज्म एवं स्थानीय संस्कृति के क्षेत्र में कार्य कर सुश्री नुपुर अग्रवाल, होम स्टे चला रही सुश्री निवेदिता कार्की, आर्टिफिशल इन्टेलीजेंसी के क्षेत्र में कार्य कर रही सुरी प्रेक्षा कपरवाण, एडवेंचर और टूरिज्म के क्षेत्र में कार्य कर रहे श्री विक्रम सिंह पंवार एवं मशरूम उत्पादन का कार्य कर रही श्रीमती प्रीति भंडारी से वार्ता की। श्रीमती प्रीति भंडारी ने कहा कि उन्होंने 500 रूपये से मशरूम उत्पादन का कार्य शुरू किया था और आज वे 40 हजार रूपये तक प्रतिमाह कमा लेती हैं।

इस अवसर पर उच्च शिक्षा उन्नयन समिति की उपाध्यक्ष दीप्ति रावत, सचिव राधिका झा, पलायन आयोग के उपाध्यक्ष डॉ. एस.एस.नेगी, मुख्यमंत्री के तकनीकि सलाहकार डॉ. नरेन्द्र सिंह आदि उपस्थित थे।

### आर्गेनिक उत्पादों को बढ़ावा दिया जा रहा है

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड के स्थानीय उत्पादों को हिमालयी ब्रांड से पहचान दिलाने की दिशा में कार्य किये जा रहे हैं। आर्गेनिक उत्पादों को बढ़ावा दिया जा रहा है। उत्तराखण्ड में टूरिज्म के क्षेत्र में अनेक संभावनाएं हैं। इस दिशा में सरकार अनेक कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत 150 तरह के कार्य किये जा सकते हैं। राज्य में मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना शुरू की गई है। इसके तहत 10 हजार युवाओं एवं उद्यमियों को 25–25 किलोवाट की सोलर परियोजनाएं आवंटित की जायेंगी। यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को स्वरोजगार के लिए काफी कारगर साबित होगी। होम स्टे को राज्य में बढ़ावा दिया जा रहा है। अभी तक 2200 से अधिक होम स्टे रजिस्टर्ड हो चुके हैं।

# उत्तराखंड का युवा बेरोजगार और सो रही त्रिवेंद्र सरकार

**आरोप**

■ 'आम आदमी पार्टी ने बढ़ती बेरोजगारी के लिए त्रिवेंद्र सरकार के खिलाफ किया' प्रदर्शन

देहरादून। **संवाददाता**




आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कैंट विधानसभा स्थित बल्लूपुर चौक चकराता रोड पर जोरदार प्रदर्शन किया। इस मौके पर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बेरोजगारी पर उत्तराखंड के हालातों को सरकार और जनता तक पहुंचाने के लिए हाथ में तख्ती लिए हुए प्रदर्शन किया।

आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता रविन्द्र सिंह आनन्द ने कहा कि आज उत्तराखंड का युवा आत्महत्या करने को मजबूर है क्योंकि मौजूदा त्रिवेंद्र सरकार ना तो उत्तराखंड वासियों को और ना ही दूसरे प्रदेशों से लौटे प्रवासियों को काम या नौकरी दे पाई। आए दिन समाचार पत्रों के माध्यम से पता चलता है कि उत्तराखंड का बेरोजगार आत्महत्या कर रहा है जिसके लिए पूरी तरह से सरकार जिम्मेदार है उन्होंने कहा कि कल अल्मोड़ा में महिपाल सिंह ने जिस प्रकार अपने बच्चों को एवं स्वयं जहर पीकर जान दी और उनके बच्चे आज जिंदगी और मौत की लड़ाई को लड़ रहे हैं इससे एक भयावह स्थिति उत्तराखंड में उत्पन्न हो गई है। कमजोर नेतृत्व के चलते आम जनता यह मानने लगी है कि त्रिवेंद्र बेरोजगारों का भला नहीं कर सकते उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में सरकार द्वारा ऐसे हालात पैदा कर दिए गए हैं की बेरोजगार युवाओं यह जानते हैं की त्रिवेंद्र सरकार किसी को नौकरी नहीं दे सकती।

रविंद्र सिंह आनन्द ने आरोप लगाया कि सत्ता में आने से पूर्व बीजेपी ने बड़े–बड़े वादे किए थे और हर साल 2 करोड बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने की बात की थी परंतु आज जिनके पास रोजगार है उनका रोजगार भी छिनता दिख रहा है ऐसे में सरकार युवाओं की मदद करने में पूरी तरह से नाकाम रही है। मुख्यमंत्री को नैतिकता के आधार पर स्वयं ही इस्तीफा दे देना चाहिए क्योंकि वह राज्य की बागडोर ठीक ढंग से नहीं संभाल पा रहे हैं।

### आंदोलनकारियों को शीघ्र ही एक समान पेंशन दिये जाने की मांग

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड चिन्हित राज्य आंदोलनकारी संगठन के बैनर तले विभिन्न संगठनों की बैठक में आंदोलनकारियों को शीघ्र ही एक समान पेंशन दिये जाने की मांग सरकार से की गई है। शहीद स्थल पर भगवान सिंह पंवार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने आंदोलनकारियों की इस मांग पर शीघ्र ही राज्य सरकार से संज्ञान लेने का आग्रह करते हुए शासनादेश जारी किये जाने की मांग की गई। इस अवसर पर जबर सिंह पावले ने कहा कि जनवरी माह में एक प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत से सचिवालय में मुलाकात की थी ओर उस समय राज्य आंदोलनकारियों को एक समान पेंशन को लागू करने का आश्वासन दिया गया और संबंधित सचिव को शासनादेश जारी करने के लिए निर्देशित किया गया। कोरोना महामारी के कारण पत्रावली लंबित पडी हुई है।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालय:**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।